**Patrika (Indore), 6th November 2019, Patrika Plus, Page-7**

ACHIEVEMENT...

# आइआइटी के प्रोफेसर लास वेगास में होंगे सम्मानित

## कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए मिलेगा अवार्ड

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ आइआइटी इंदौर के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के फेकल्टी मेंबर डॉ. अर्निबान सेनगुप्ता को इंटरनेशनल प्राइज आईईईई चेस्टर सेल मेमोरियल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स अवार्ड-2020 प्रदान किया जाएगा। सेनगुप्ता भारत के दूसरे वैज्ञानिक हैं जिन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह आईईईई काउंसिल (यूसए) का कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में इनोवेशन और अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसके लिए गठित पैनल में इंटरनेशनल साइंटिस्ट, इंटरनेशनल फेलोज और अंतरराष्ट्रीय लीडर्स जो आईईईई टेक्निकल एक्टिविटीज बोर्ड (टीएबी) है, इन सबने चयन किया। गुप्ता को स्मार्ट डिवाइसेज में जैसे रिसर्च कैमरा, कैमकॉर्डर, स्मार्ट वॉच, टीवी सेटअप बॉक्स, मेडिकल इमेजिंग सिस्टम आदि में सिक्योरिंग चिप्स तैयार करने के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। डॉ. सेनगुप्ता को 4 से 6 जनवरी के बीच लास वेगास (यूसए) में होने वाले दुनिया के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 39वें आईईईई-2020 में सम्मानित किया जाएगा।

यह रिसर्च इमेज सिग्नल और वीडियोज प्रोड्यूज करने वाली इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस को सिक्योर करने में कारगर साबित होगी। यह इनोवेशन साइबर अटैक्स से बचाने और कंज्यूमर टेक्नलॉजी सिक्योर करने में भी मददगार साबित होगी। इसके अलावा मेडिकल के क्षेत्र में रेडियोलॉजिस्ट इसका प्रयोग बेहतर डाइग्नोस के लिए कर सकेंगे। आइआइटी इंदौर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर साइंस के साथ ही साइबर फिजिकल सिस्टम, आइओटी,एम्बेडेड सिस्टम, ऑटोनोमस व्हीकल और स्मार्ट कार आदि को लेकर रिसर्च कर रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ. सेनगुप्ता ने कहा, आइआइटी इंदौर वो हर तरह की सुविधा प्रदान करता है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च के क्षेत्र में सम्मान बढ़ा सके। वर्तमान में संस्थान का रिसर्च एन्वॉयमेंट और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर ने ही इस रिसर्च में सफलता हासिल करने में मदद की है। इस उपलब्धि पर डायरेक्टर प्रदीप ने सेनगुप्ता को बधाई दी।